



Carpenter's monthly newspaper

www.carpentersnews.com

# कारपेंटर्स न्यूज़

मासिक समाचार पत्र

R.N.I.No.MAHHIN/2005/16460 | Postel Regd. No. MCW/321/2022-24
Posted at Delisle Road, Mumbai-400013. On 20th of Every month | Published on Every 10 th day of the month

मुंबई | अप्रैल 2023 | वर्ष : 18 | अंक : 05 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए


देश के विकास में कारीगरों का अहम योगदान... पेज - 4



# चंद्रपुर के सागौन से बनेंगे राम मंदिर के दरवाजे

## एल एंड टी और टी.सी.ई. के इंजीनियरों ने सर्वश्रेष्ठ लकड़ी करार दिया

गंगाराम विश्वकर्मा
carpentersnews.com






**मुंबई।** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के मुख्य द्वार के लिए देश की सर्वोत्तम सागौन की लकड़ी महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के नई बल्लारपुर से श्री राम नवमी के अवसर पर रवाना की गई।

29 मार्च को चंद्रपुर में काष्ठ पूजन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरी महाराज, राज्य के वन व सांस्कृतिक मंत्री सुधीर मुनगंटीवार आदि सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। काष्ठ पूजन के इस अभूतपूर्व समारोह में सुप्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने भक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

वन एवं सांस्कृतिक मामलों तथा मत्स्य पालन राज्य मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने बताया कि रामायण में वर्णित दंडकारण्य और वर्तमान चंद्रपुर से बेहद उच्च गुणवत्ता वाली सागौन की लकड़ी भेजी जा रही है। मंत्री ने बताया कि करीब 1,855 क्यूबिक फीट लकड़ी का यह खेप रवाना हुआ है, जहां इस लकड़ी से राम मंदिर का मुख्य द्वार, गर्भगृह के दरवाजे और मुख्य मंदिर की संरचना सहित अन्य दरवाजों का निर्माण किया जाएगा।

मुनगंटीवार ने बताया कि अयोध्या मंदिर के न्यासियों ने देहरादून में स्थित वन अनुसंधान संस्थान से संपर्क किया था और उन्हें बताया गया कि सागौन की लकड़ी सबसे अच्छी चंद्रपुर में मिलती है। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के अनुरोध पर हमने उच्च गुणवत्ता वाली सागौन की लकड़ी भेजने का फैसला लिया है। यह हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है कि हम भगवान राम के मंदिर के लिए सागौन की लकड़ी अयोध्या भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम की दादी इंदुमति विदर्भ क्षेत्र, वर्तमान महाराष्ट्र की थीं। यह ऐतिहासिक क्षण है कि दादी की जन्म धरती से पोते का मंदिर बनाने के लिए सागौन की लकड़ी भेजी जा रही है।

मुनगंटीवार ने बताया कि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने देहरादून के फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट से राय ली, तो उन्हें चंद्रपुर की सागौन की लकड़ी सबसे अच्छी बताई गई। महाराष्ट्र से लकड़ी के नमूने चंद्रपुर के फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन से भिजवाए गए। मंदिर निर्माण से जुड़ी लार्सन टूब्रो कंपनी ने इसे देश की सर्वश्रेष्ठ सागौन की लकड़ी करार दिया। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंत्री मुनगंटीवार, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का लकड़ी के इंतजाम के लिए आभार माना है।

मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने कहा कि लक्ष्य है कि इसके भूतल का काम हर हाल में अक्टूबर 2023 तक पूरा कर लिया जाए। इसी क्रम में राम मंदिर के 166 खंभों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। अब बीम रखने का काम शुरू हो जाएगा। उसके बाद छत का निर्माण होगा। डॉ. मिश्र ने बताया कि सभी बीम खूबसूरत डिजाइन में तराश कर निर्माण स्थल पर पहुंचा दिए गए हैं। डॉ. मिश्र ने बताया कि राम मंदिर के दरवाजे व खिड़की चंद्रपुर के सागौन की लकड़ी से बनेगी। मंदिर के भूतल में कुल 12 दरवाजे लगने हैं, जिनको तैयार करने का काम जल्द शुरू होगा।

### चंद्रपुर का सागौन सर्वोत्तम

मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने उत्तराखंड के देहरादून स्थित फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट से मंदिर के दरवाजों के लिए उत्तम लकड़ी के संबंध में जानकारी ली। इंस्टीट्यूट ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर जनपद की सागौन लकड़ी को भारत की सर्वोत्तम दर्जे की लकड़ी बताया। बल्लारपुर डिपो में रखी लकड़ी को मंदिर निर्माण में लगी संस्था लार्सन टूब्रो, टी.सी.ई. व ट्रस्ट के इंजीनियरों ने देखा वे सभी संतुष्ट हुए। चंद्रपुर से जो लकड़ियां अयोध्या भेजी जा रही हैं, वह 100 वर्ष पुराने पेड़ों की हैं। इन लकड़ियों का भूरा रंग बिना नक्काशी और डिजाइन के भी खूबसूरत नजर आता है। इनका कलर व ग्रेंस बाकी लकड़ियों से अलग है। इन लकड़ियों में एक विशेष तत्व होता है जिसकी वजह से इसमें दीमक या कीड़े नहीं लगते हैं। इन लकड़ियों में एक खास किस्म का तेल भी मौजूद होता है, जिसके चलते इन लकड़ियों की आयु 700 से 1000 वर्ष तक होती है। यह लकड़ी बरसात और पानी में भी अपना आकार नहीं खोती है। इस लकड़ी का इस्तेमाल सेंट्रल विस्टा के दरवाजों और खिड़कियों में भी किया गया है।

### लकड़ी सूखने के बाद शुरू होगा नक्काशी का काम

महाराष्ट्र वन विकास निगम बल्लारपुर डिपो के सहायक प्रबंधक गणेश मोटकर ने कहा कि राम मंदिर के लिए लकड़ियों का पूजन होने के बाद उन्हें आगे की प्रक्रिया के लिए पहले नागपुर भेजा जाएगा। वहां लकड़ियों को सुखाने का काम किया जाएगा। आमतौर पर सागौन की लकड़ियों में 20 से 30 प्रतिशत तक की नमी होती है। लंबे समय तक टिकाऊ बनाने के लिए नमी को 10 प्रतिशत तक लाना जरूरी होता है। नागपुर में यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन लकड़ियों को द्वार, चौखट और खिड़कियों के रूप में बनाने और उन पर नक्काशी के लिए हैदराबाद और राजस्थान भेजा जाएगा। खिड़कियों, दरवाजों और चौखटों पर सुंदर नक्काशी के बाद तैयार स्वरूप में ही ये अयोध्या पहुंचेंगी।

# मध्य प्रदेश : सीएम चौहान ने कहा विश्वकर्मा समाज के लोग मेहनती और ईमानदार



## विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के गठन की घोषणा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने निवास पर आयोजित विश्वकर्मा महापंचायत में विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के गठन की घोषणा की। बोर्ड के अध्यक्ष को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया जाएगा। इसमें चार सदस्य भी होंगे। उन्होंने कहा कि समाज की भागीदारी बढ़ाने के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ाए जाएंगे। युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण और व्यवसाय के लिए ऋण की व्यवस्था करेंगे। भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर ऐच्छिक अवकाश घोषित किया जाएगा। विश्वकर्मा समाज के कल्याण के लिए योजनाएं भी बनाई जाएगी

महापंचायत में विश्वकर्मा समाज के लोगों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की कृपा हम सब पर है। वे निर्माण के देवता हैं। वे हमारी सृष्टि के सर्वोच्च वास्तुकार हैं। ऋग्वेद में भगवान विश्वकर्मा को दुनिया के सबसे बड़े कारीगर के रूप में उल्लेख किया गया है। सभी मशीनरी व अन्य वस्तुओं का निर्माण भगवान विश्वकर्मा ने किया है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज का गौरव प्राचीन और ऐतिहासिक है। विश्वकर्मा समाज के लोग मेहनती और ईमानदार हैं। राज्य सरकार विश्वकर्मा समाज के उत्थान के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेगी।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, वन मंत्री विजय शाह, संत भगवान शरण बापू, डॉ. तरुण मुरारी बापू, लक्ष्मण प्रसाद शास्त्री सहित समाज के पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री चौहान ने पुष्प-वर्षा कर विश्वकर्मा समाज के बंधुओं का स्वागत किया। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर महापंचायत का शुभारंभ किया।

# कारपेंटर्स न्यूज़

RNI NO. MAHHIN/2005/16460

**संपर्क करें :** Mo. 9320566633 | Email: carpentersnews@gmail.com

**हमें फॉलो करें :** Facebook.com/carpentersnews | Telegram: https://t.me/carpenters_news

मुंबई | अप्रैल 2023 | वर्ष : 18 | अंक : 05 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए


सागौन मुख्य रूप से एशियाई देश म्यांमार, लाओस, थाईलैंड और भारत के मूल पेड़ हैं। भले ही इंडोनेशिया में सागौन ज्यादा पाए जाते हों, लेकिन ये यहां का मूल पेड़ नहीं है। 16 वीं सदी में बौद्ध भिक्षु पहली बार इस पेड़ को लेकर इंडोनेशिया पहुंचे थे। 2000 साल से भारत और एशिया के दूसरे देशों में सागौन की लकड़ी का इस्तेमाल होता है। सागौन के पेड़ अफ्रीका, सेंट्रल अमेरिका और साउथ अमेरिका में भी पाए जाते हैं।

# रियल एस्टेट के अच्छे प्रदर्शन से बढ़ेगी फर्नीचर की डिमांड

मुंबई। गोदरेज इंटेरियो के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुबोध मेहता ने कहा कि टियर-2 और 3 शहरों में रियल एस्टेट कंपनियां अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। इसके चलते ऐसे शहरों में फर्नीचर की डिमांड भी बढ़ने की उम्मीद है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत का होम और ऑफिस फर्नीचर मार्केट करीब 10 हजार करोड़ रुपए का है। इसमें संगठित क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है। इस सेगमेंट में हमारा 20 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य है। इसीलिए हमारा 85 प्रतिशत ग्रोथ प्लान अगले 3 वर्षों में टियर-2 शहरों पर केंद्रित है।

## 10 हजार करोड़ रुपए का भारतीय फर्नीचर मार्केट

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में लगभग 900 स्थानों पर विस्तार करने की योजना पर हम काम कर रहे हैं। मेहता ने कहा कि डिजाइन के क्षेत्र में लगातार इनोवेशन और किफायती दाम में टिकाऊ फर्नीचर देने के चलते हम मास-प्राइस्ड सेगमेंट में पहुंच बढ़ाने में कामयाब रहे। हमारे पास भारतीय बाजार की काफी अच्छी समझ है। हम किसी भी इंटरनेशनल ब्रांड से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं।

उन्होंने कहा कि अभी लोग यूज एंड थ्रो फर्नीचर खरीदने के लिए तैयार नहीं है। हमारे फर्नीचर बाजार में मौजूद अधिकांश ब्रांड से काफी मजबूत और टिकाऊ हैं। विदेशी कंपनियां ग्राहकों को डू इट-युअर सेल्फ यानी खुद फर्नीचर असेंबल करने को बढ़ावा दे रही हैं। लेकिन गोदरेज इंटेरियो ग्राहकों के घर पहुंचकर असेंबल करने और सर्विस देने में विश्वास करती है। यही वजह है कि हमारा डीलर नेटवर्क लगातार बढ़ रहा है।

उन्होंने फर्नीचर खरीदी करने पर सुझाव देते हुए कहा कि बिना सोचे-समझे कोई फर्नीचर न खरीदें। स्पेस के हिसाब से फर्नीचर खरीदें। दीवार से दीवार तक फर्नीचर न भरें, कुछ खाली जगह जरूर छोड़ें। फर्नीचर में सुंदरता और रंगों का तालमेल जरूरी है। घर का इंटीरियर करवाते समय किसी विशेषज्ञ से सलाह जरूर लेना चाहिए।



## न्यूज विंडो

### फर्नीचर कारखाने में चोरी

**फतेहपुर।** बिंदकी क्षेत्र में चोरों ने रात को एक फर्नीचर कारखाने का ताला तोड़कर औजार समेत हजारों का सामान चुरा ले गए। कोतवाली क्षेत्र के महरहा रोड निवासी कृष्णकुमार विश्वकर्मा का पेट्रोल पंप के पास फर्नीचर कारखाना है। उन्होंने बताया कि चोर कारखाने के पीछे लगे दरवाजे का ताला तोड़े और अंदर घुसकर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चुरा ले गए।

### फर्नीचर मार्केट में लगी आग

**मुंबई।** जोगेश्वरी क्षेत्र में राम मंदिर के पास फर्नीचर मार्केट में आग लगने से कई गोदाम और झुग्गियां जलकर राख हो गई। 13 मार्च को सुबह 11 बजे घासवाला कंपाउंड में आग लगी। जिस जगह पर आग लगी, वहां लकड़ी का कंपाउंड है। दमकल विभाग की 12 गाड़ियों से आग पर काबू पाया जा सका।







TJM/TTL/23/HIN

# देश के विकास में कारीगरों का अहम योगदान




रंग बरसे समारोह का दृश्य

## कारपेंटरों ने गुलाब की पंखुड़ियों से खेली होली

**मुंबई। कारपेंटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से वार्षिक होली स्नेह सम्मेलन 'रंग बरसे 2023' का आयोजन मालाड (पश्चिम) एस.वी.रोड स्थित धूड़मल बजाज हॉल में किया गया। इस होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं ने गुलाब की पंखुड़ियों से होली खेली। श्री सिद्धि विनायक मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी सुनील गिरी ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की जो रौनक हम सब देख रहे हैं, उसमें कारीगरों का खास योगदान है। लोगों की सुख सुविधाओं में कारीगरों के श्रम साधना को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार जिसके आते ही मन आल्हादित हो जाता है, सारा आलम मस्ती में डूब जाता है। लगता है मानो चारों ओर मस्ती ही मस्ती है, हर तरफ मानों बहार छाई हुई है।**




कारपेंटर्स वेलफेयर एसोसिएशन की टीम

भाजपा मुंबई उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने कहा कि विश्वकर्मा समाज को कारीगरी ईश्वरीय देन है, इनके बिना सुखमय जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इमारत निर्माण से लेकर घर की आंतरिक साज सज्जा विश्वकर्मा समाज की द्वारा ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि होली हमारे लिये सांस्कृतिक और पारंपरिक उत्सव है। यह असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। राग-रंग का यह पर्व वसंत का संदेशवाहक भी है। उन्होंने लोगों से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि हमारे बीच मतभेद हो पर मनभेद को स्थान नहीं मिलना चाहिए। त्रिपाठी ने कहा कि होली आपसी एकता और प्यार का संदेश लोगों को देती है। होली के रंगों के जैसा हम भी एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशहाल रहे। ऐसी ही हम कामना करते हैं।

शिवसेना (उद्धव गुट) के समन्वयक समीर देसाई ने कहा कि हमारी संस्कृति की यह अनूठी विशेषता है कि हमारे त्योहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित कर लोगों में समता, समानता, सद्भाव, प्रेम और भाईचारे का संदेश प्रवाहित करते है।

अधिवक्ता टी. एस. विश्वकर्मा ने कहा कि मुंबई में विश्वकर्मा समाज संगठित समाज है। उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से कारीगरों को नई तकनीक के बारे में जानकारी मिलेगी जो उनके रोजगार की लिए बेहतर साबित होगा। समारोह में पत्रकार प्रमोद श्यामाचरण पांडेय, शीतला प्रसाद सरोज, घनश्याम पंवार ने होली की बधाई दी।

मुख्य प्रायोजक ओजोन हार्डवेयर फिटिंग्स, कार्बोरंडम यूनिवर्सल लिमिटेड, सेल्वन प्लाई व एशियन पेंट्स एडहेसिव द्वारा सह प्रायोजित 'रंग बरसे 2023' होली स्नेह सम्मेलन में लोक गायक सुरेश शुक्ल व गायिका संगीता कर्जना ने होली, फगुआ व चैती गीतों की प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिखा। इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। संस्था के अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण विश्वकर्मा ने संस्था के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक गंगाराम विश्वकर्मा ने कार्यक्रम का सूत्र संचालन किया। महामंत्री दिनेश विश्वकर्मा व कोषाध्यक्ष डॉ. आर.आर. विश्वकर्मा ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में योगेश विश्वकर्मा, रामबली विश्वकर्मा, नारायण विश्वकर्मा, रामलाल विश्वकर्मा, गुलाब विश्वकर्मा, मोतीलाल विश्वकर्मा, हेमंत विश्वकर्मा, वकील विश्वकर्मा, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, रामजी विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, कन्हैयालाल विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, जनार्दन विश्वकर्मा, महेंद्र यादव, संजय विश्वकर्मा, राम बहादुर विश्वकर्मा, शैलेश विश्वकर्मा, संतलाल विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, कृष्णा महाराणा, कंचन विश्वकर्मा, मातादीन विश्वकर्मा, तेरस विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, दीनानाथ विश्वकर्मा, जे.पी. विश्वकर्मा, रामरोहित विश्वकर्मा, लालबहादुर विश्वकर्मा, मिथिलेश विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, चन्द्रसेन विश्वकर्मा, श्रवण विश्वकर्मा, भुलेश्वर विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, नरसिंह पासवान, गणेश विश्वकर्मा, उदय प्रकाश विश्वकर्मा आदि पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

(पेज 7,13 व 14 भी देखें)



गायक सुरेश शुक्ल व गायिका संगीता कर्जना


NIKHIL
Mahacol®
The Right Adhesive
महाकोल
हीटफिट
महाकोल
जलवीर
सर्वश्रेष्ठ हीट प्रूफ एडहेसिव
वॉटर प्रूफ एडहेसिव
Rs.15
TOKEN
PER POUCH
Mahacol®
HEATFIT
HEAT PROOF ADHESIVE
Perfect for Verticle Lamination
5 MINS
Setting Time
Mahacol®
jalveer
Coverage: 48 – 53 sq. ft / kg

Since 1986
Suzu®
An ISO 9001:2015 Certified Company | CE Certified

36 Growing Years
INDIA'S 1ST STAINLESS STEEL SHACKLE Padlocks Series
INDIA'S 1ST S.S HINGES MANUFACTURER Hinges Series

# FROM THE DESK OF CEO

Suzu Steel (India) is one of the leading Companies of India who pioneered in manufacturing of Locks & Door hardware Fittings. Suzu brand was established in 1986 under the guidance of Mr. Sushil Bansal and Mr. Brijbhushan Bansal from Rohtak (Haryana). The company has made tremendous progress in terms of adding manufacturing plants as well as penetrating market all over India. We are proud to see that Mr. Animesh Bansal, Director & Mr. Sachin Bansal, Director both are very progressive and positive about the future of SUZU brand in India. Their guiding force during last few years, company has developed more than 400 direct distributors and wholesalers catering to every corner of India and more than 20000 retailers where SUZU is providing quality products services. We are doing well into the Government , Builders & institutions sectors. During last 3-4 years company has expanded in various ranges in exports all over the world.

SUZU means Quality and appreciated in trade, Institutionals, Government Departments & International Client. We are continuously improving our Quality, Services and multiplying our network worldwide. We are aiming to give our presence within Top 4 Hardware brands of India in next 5 years time. We sincerely thank all our clients, trade partners & consumers for patronizing SUZU brands for their needs of locks & door hardware items.



## Success Mantra

"Our entire Sales & Backup support team believe giving best quality & services to achieve consumer satisfaction" which is our success mantra.

**Vijay Kumar Dutta**
**C.E.O.**

~ Our Global Associates ~
DUBAI | GERMANY | U.K. | NEPAL | BANGLADESH | BHUTAN | SRI LANKA | NIGERIA | KENYA | TANZANIA

www.suzusteel.com | www.suzu.in

Find us on : Facebook Twitter Instagram Linkedin Youtube Google Play App Store





**ओजोन फिटिंग्स**

रंग बरसे समारोह में ओजोन हार्डवेयर फिटिंग्स के रीजनल सेल्स मैनेजर पुनीत काठपाल ने कहा कि ओजोन भारत में हार्डवेयर एंड सॉल्यूशन का नामी मैन्युफैक्चरर है। ओजोन को हाई – क्वालिटी और इनोवेशन के लिए जाना जाता है। कस्टमर्स की जरूरतों के हिसाब से आधुनिक डिजाइन उपलब्ध करवाना कंपनी की प्राथमिकता है। फर्नीचर, डिजिटल लॉक्स, ग्लास फिटिंग्स, दरवाजे, रेलिंग्स, किचन फिटिंग्स ओजोन के सारे प्रोडक्ट्स इनोवेशन की नई परिभाषा गढ़ते हैं। पुनीत काठपाल का स्वागत संस्था के पदाधिकारी मोतीलाल विश्वकर्मा ने किया। सरफराज आलम ने ओजोन के लॉयल्टी प्रोग्राम के बारे में बताया। ओजोन हार्डवेयर फिटिंग्स के कर्मचारियों ने फर्नीचर कारीगरों को ओजोन के उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।





**कार्बोरंडम यूनिवर्सल लिमिटेड**

रंग बरसे समारोह में कारपेंटरों को संबोधित करते हुए CUMI (सीयूएमआई) के प्रोडक्ट मैनेजर सुमित पराडकर ने कहा कि भारत में 70 वर्षों से अधिक समय से CUMI लाखों कारपेंटरों का एक विश्वसनीय भागीदार रहा है। CUMI के लोकप्रिय ब्रांड जैसे सैंडमास्टर, अजाक्स, जवान, कॉनकॉर्ड और स्पीड ब्रांड अपनी गुणवत्ता और विश्वसनीयता के लिए जाने जाते हैं। CUMI के सैंडिंग उत्पाद जैसे शीट, रोल और डिस्क ने कारपेंटरों को सभी प्रकार की लकड़ी पर एक दोषरहित फिनिश प्राप्त करते हुए तेजी से और आसानी से काम करने में मदद की है। CUMI की स्पीड और सैंडमास्टर लकड़ी काटने वाले ब्लेड के साथ, लकड़ी के बोर्डों पर एकदम सही, चिप-मुक्त कट प्राप्त कर सकते हैं। कारपेंटरों ने CUMI के उत्पाद पर पीढ़ियों से भरोसा किया है। इसके गुणवत्ता वाले उत्पाद से फर्नीचर पर बेहतर फिनिश मिलती है, जिस पर फर्नीचर कारीगर गर्व करते हैं। CUMI भारत में निर्मित उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने और अपने ग्राहकों के विश्वास को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सुमित पराडकर का स्वागत कार्यक्रम संयोजक गंगाराम विश्वकर्मा ने किया। CUMI के कर्मचारियों ने कारपेंटरों को CUMI के विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी दी।





**एशियन पेंट्स**

रंग बरसे समारोह में कारपेंटरों को जानकारी देते हुए एशियन पेंट्स के प्रोडक्ट वरिष्ठ विक्रय (SSO) अनमोल श्रीवास्तव और परमवीर स्वामी ने कहा कि भारत में 81 वर्षों से एशियन पेंट्स लिमिटेड एक भारतीय बहुराष्ट्रीय कम्पनी है जिसका मुख्यालय मुंबई, महाराष्ट्र में है। एशियन पेंट्स भारत की सबसे बडी और एशिया की चौथी सबसे बड़ी रंगो की कम्पनी है। एशियन पेंट्स समूह दुनिया भर के 15 देशों में चार क्षेत्रों में काम करता है। इस व्यवसाय में एक व्यापक पोर्टफोलियो है, जिसमें पेंट, पेंटिंग टूल्स, वाटर-प्रूफिंग समाधान, दीवार कवरिंग और चिपकने वाले शामिल हैं। कंपनी का 60,000+ डीलरों का मजबूत नेटवर्क इसे भौगोलिक क्षेत्रों में ग्राहकों के एक विस्तृत क्रॉस-सेक्शन को पूरा करने में सक्षम बनाता है। एशियन पेंट्स चिपकने के लोकप्रिय ब्रांड जैसे अल्ट्रा, डायनेमो, एक्सट्रीम, सुप्रीम, ईजी CR8, टर्मिशल्ड अपनी गुणवत्ता और विश्वसनीयता के लिए जाने जाते हैं। एशियन पेंट्स के एडहेसिव उत्पाद ने कारपेंटरों को सभी प्रकार की लकड़ी पर एक दोषरहित फिनिश प्राप्त करते हुए तेजी से और आसानी से काम करने में मदद की है। कारपेंटर भाइयों ने एशियन पेंट्स के उत्पाद पर पीढ़ियों से भरोसा किया है। इसके गुणवत्ता वाले उत्पाद से फर्नीचर पर बेहतर फिनिश मिलती है, जिस पर फर्नीचर कारीगर गर्व करते हैं। एशियन पेंट्स भारत में निर्मित उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने और अपने ग्राहकों के विश्वास को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।


HARRISON
हरीसन सुविधा स्कीम
कारपेंटर भाइयो के लिए
आकर्षक स्कीम आज ही
रजिस्टर्ड
करें और पाएं मौका अनेको
उपहार
जितने का
टोल फ्री नम्बर : 1-800-572-5795
Website: www.harrisonlocks.com | Find us on :
नॉट:- ऊपर दर्शायी गई फोटो सिर्फ उपहार को दर्शाने हेतु है मिलने वाला उपहार इनमे से भिन्न हो सकता है : रंग मॉडल इत्यादि।
बनो हरीसन का
Mr. आनंद
और रहो हमेशा आनंद में
मैं Mr. आनंद
हरीसन (Service Provider)
जब फायदे से हो प्यार तो फिर क्यों इंतज़ार
आज ही जुड़ें हरीसन Suvidha के साथ और
Locks & Hardware Solutions
पाओ अनेको उपहार
उपहार जितने की प्रक्रिया
स्टेप 1 हरीसन सुविधा एप्प डाउनलोड करें और लॉग इन करें
स्टेप 2 प्रोडक्ट पर लगे MPR स्टीकर को जमा करें हर एक MPR पर पॉइंट पाएं
स्टेप 3 निर्धारित पॉइंट्स जमा होने पर, उपहार जीते
चेयरमैन क्लब कारपेंटर
SMART LED TV WINNER
REFRIGERATOR WINNER
SMART PHONE WINNER
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
+91 9355015108
हरीसन सुविधा एप्प डाऊनलोड करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
हरीसन का Mr. आनंद मुख्य सेवा प्रदाता (Service Provider)
Mr. आनंद बनते ही पाएं अपने क्षेत्र के सारे कारपेंटर सम्बंधित कार्य सबसे पहले
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
9355-015-108
www.harrisonlocks.com | email : Info@harrisonlocks.com
R | P | Locks Company
Harrison House 13 & 14, Central Market, Punjabi Bagh (West), New Delhi-110026
E-mail: info@harrisonlocks.com / enquiry@harrisonlocks.com
Call 09310142401 for All India sale, Distributors & C&F Queries for institutional, Architects & Bulk Buyers Enquires
स्कैन करें
लाभ उठाएं।

# हरीसन

www.harrisonlocks.com

# हरीसन कर रहा है लगातार बड़े पैमाने पर कारपेंटर सम्मेलन एवम प्रशिक्षण

कारपेंटर एप्लिकेशन हमारे द्वारा नए आवेदकों के पंजीकरण के लिए शुरू किया गया है - कारपेंटर और उनकी हर गतिविधि की रिकॉर्डिंग फल देने वाली है। कारपेंटर की हमारी टीम कई गुना बढ़ गई है। बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं और ऐप के माध्यम से रिकॉर्ड में रखी जाती हैं।



कारपेंटर के लिए विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन उपलब्ध हैं,





जिन्हें एप्लिकेशन के माध्यम से प्रकाशित और वितरित किया जाता है। प्रत्येक बैठक के दौरान सर्वोत्तम योगदानकर्ताओं को कुछ प्रकार के प्रोत्साहन वितरित किए जाते हैं, जो योजना के अनुसार नकद से लेकर टीवी, रेफ्रिजरेटर आदि और कई अन्य हैं। कारपेंटर का प्रचार/ विज्ञापन कारपेंटर के मासिक समाचार पत्र में मासिक आधार पर प्रकाशित किया जाता है, जो हर महीने की 10 तारीख को प्रकाशित होता है- और अन्य शहरों के अलावा दिल्ली में भी प्रसारित होता है। कृपया प्ले स्टोर पर उपलब्ध हमारे हरीसन सुविधा ऐप पर जाएं। बड़ी संख्या में कारपेंटरों ने हमारी हरीसन सुविधा योजना का लाभ उठाया है और **मोटर-साइकिल, टीवी/ फ्रिज/ वॉशिंग मशीन, एलईडी टीवी, स्मार्ट फोन सहित विभिन्न पुरस्कार जीते हैं, इसके अलावा 50,000 तक के नकद पुरस्कार भी जीते हैं।** हम अपने विभिन्न केंद्रों पर कौशल-विकास प्रशिक्षण भी प्रदान कर रहे हैं, जिसमें **5-सितारा होटल, प्रदर्शनी हॉल,** वितरक के शो रूम और थोक विक्रेताओं/ डीलरों के स्थान शामिल हैं। कारपेंटर बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रहे हैं और अत्यधिक पैमाने पर कौशल हासिल कर रहे हैं जिसके बारे में सोचा नहीं गया था। कारपेंटर का काम करने के इच्छुक अकुशल व्यक्ति भी हमारे अपने खर्चे पर कुशल हैं, यदि ऐसे व्यक्ति हमसे जुड़ना चाहते हैं।



उत्तराखंड खटीमा में हुआ कारपेंटर सम्मेलन :-



हरीसन ने 31 दिसंबर 2022 को खटीमा में कारपेंटर सम्मेलन का आयोजन किया। हरीसन ने इस शुभ अवसर पर निम्नलिखित कारपेंटर को पुरस्कार वितरण कर कारपेंटरों का उत्साह बढाया |

1 अजीज खान - 4k रियलमी



एलईडी टीवी - 43 इंच - कीमत 25,000/- 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

2 उस्मान - कीमत 17,500/- का सैमसंग रेफ्रिजरेटर। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

3 रजनीश - व्हर्लपूल वॉशिंग मशीन की कीमत 14500/- से श. 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

4 नईम - 9000/- का सैमसंग स्मार्ट फोन। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

5 सुनील कुमार - 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता। 3100 / - का नकद पुरस्कार।



6 इकबाल अंसारी- 2100/- का नकद पुरस्कार। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता ।

7 प्रदीप 1100/- का नकद पुरस्कार। 2022 की 12 महीने की अवधि के लिए कारपेंटर कूपन को जमा कर जीता।

कारपेंटर का काम करने के इच्छुक 128 अकुशल कारीगर को बुनियादी गतिविधियों का प्रशिक्षण देकर अपने खर्चे पर कुशल भी बनाया गया। हरीसन फर्नीचर उद्योग और अन्य सहायक उद्योगों के लिए प्रशिक्षित कारपेंटर की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सामाजिक सेवा कर रहा है- हरीसन सुविधा ऐप प्ले स्टोर पर उपलब्ध है जिसमें हरीसन में दिन-प्रतिदिन बढ़ई से संबंधित गतिविधियों का हर समय का विवरण है। क्योंकि कारपेंटरों को दिए जा रहे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दर्ज किए जाते हैं। कारपेंटर सम्मेलन भी नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं और आवेदन में दर्ज की जाती हैं। अभी तक लगभग 51,000 कारपेंटर वर्तमान में हरीसन के साथ जुड़कर कुशल हो चुकें हैं।



## कारपेंटरों ने लॉन्च की हरीसन मेन डोर लॉक

अलीगढ। हरीसन लॉक्स के नए मेन डोर लॉक की लॉन्चिंग कारपेंटरों के द्वारा की गई।



30 दिसम्बर को अलीगढ स्थित एक होटल में हरीसन ***"में हँ मिस्टर आनंद स्कीम"*** की मीटिंग में उपस्थित फर्नीचर ठेकेदारों के बीच इस नए मेन डोर लॉक की लॉन्चिंग की गई। पहले में भी हरीसन लॉक्स के कई उत्पादों की लॉन्चिंग कारपेंटरों के द्वारा की जा चुकी है। हरीसन ***"में हूँ मिस्टर आनंद स्कीम"*** की मीटिंग में शामिल कारपेंटरों में लक्की ड्रा निकाली गई। लक्की ड्रा विजेता जुल्फिकार अहमद को रेफ्रिजरेटर देकर सम्मानित किया गया।






सेफ्टी डिवीज़न में **देश का भरोसेमंद ब्रांड हरीसन** झल्द ही शुरू करने जा रही है कारपेंटर्स के लिए क्यू आर स्कैनिंग फीचर जिसके तहत अब कारपेंटर्स आसानी से जीत सकते है अनेकों उपहार मात्र क्यू आर स्कैन करके | कारपेंटर्स को हरीसन के प्रोडक्ट के पैकिंग के ऊपर लगे क्यू आर को स्कैन करना है स्कैन करते ही पूंजीकृत कारपेंटर्स के प्रोफाइल आई डी पर पॉइंट अपने आप दर्ज हो जाएगा | यह सुविधा हरीसन ने कारपेंटर्स की सहूलियत के लिए किया है जिससे अब कारपेंटर्स को किसी भी प्रकार के प्रोडक्ट के पैकिंग की कट्टिंग रखने की आवश्यकता नहीं होगी | अब कारपेंटर्स मात्र क्यू आर स्कैन करके ही जीत सकते है अनेको उपहार |




## हरीसन न्यू लॉन्च प्रोडक्ट







हरीसन लांच कर रही है

नए प्रोडक्ट्स लगातार बार बार नए नए सुधार के साथ













ADVT

# देश की महान संस्कृति पर हम सबको गर्व

गाजीपुर। श्री हरिकृपा पीठाधीश्वर स्वामी हरि चैतन्य पुरी महाराज ने कहा कि हमें अपने देश की अमूल्य व महान संस्कृति पर गर्व है। युवा वर्ग पाश्चात्य सभ्यता के अंधानुकरण को त्याग कर भारतीय संस्कृति के अनुसार जीवन जियें, यदि ना जी सकें तो कम से कम विकृति परिपूर्ण जीवन जीने की कोशिश नहीं करें। गाजीपुर जिले के मौधा स्थित जगदीश नगर चौराहा पर आयोजित दिव्य अमृतवाणी में भक्तों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे वतन व इसकी महान व अमूल्य संस्कृति पर गर्व है व सभी भारतवासियों को होना भी चाहिए। विश्व बंधुत्व, सर्वे भवन्तु सुखिनः व वसुधैव कुटुम्बकम का भाव रखती है हमारी भारतीय संस्कृति। जिसकी आन,बान,शान को बनाए रखने के लिए असंख्य भारत मां के सपूतों ने अपनी कुर्बानियां हमेशा से दी है ,जिसका गौरव बढ़ाने व बरकरार रखने के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया है। हमें उन कुर्बानियों को व्यर्थ नहीं जाने देना है तथा स्वयं भी आत्मनिरीक्षण करके जानना है कि अपनी भारत मां को जगद्गुरु के पद पर प्रतिष्ठापित करने, इसकी आजादी को बरकरार रखने व शांति का साम्राज्य स्थापित करने में हमारा क्या योगदान है। अधिकारों के लिए लोग आज जागरूक हुए है लेकिन हमारा कर्तव्य क्या है इसका भी पालन करना होगा।

हरि चैतन्य पुरी महाराज ने कहा कि विश्व शांति के अग्रदूत हमारे देश में आज अशांति दुर्भाग्यपूर्ण व चिंता का विषय है, समय रहते जागरूक होकर निः स्वार्थ भाव से मिल जुल कर राष्ट्र व समाजहित को सर्वोपरि रखते हुए यदि समुचित प्रयास किए जाए तो यहां भी शांति होगी ही तथा एक बार फिर संपूर्ण विश्व में शांति का संदेश यही से गूंज उठेगा। उन्होंने कहा कि आज सारे विश्व को शान्ति की आवश्यकता है। शांति मिलती है परंतु दुर्भाग्यवश हम उसे स्थापित नहीं कर पाते। सुख और शांति विचारों में है संतो व गुरूओं की शरण में है यदि इंद्रियों पर नियंत्रण न हुआ तो भी हम शांति प्राप्त नहीं कर सकते। अच्छा बोलो ,अच्छा सुनो ,अच्छा देखो ,अच्छा संग करो, अच्छा विचारों तथा कल्याणकारी संकल्प करो। यदि परमात्मा का स्मरण नहीं है तो हम कहीं भी शांति नहीं पा सकते। हम चाहें तो अपनी गलतियों से भी सीख सकते हैं नहीं तो साक्षात परमात्मा भी आ जाएं तो भी हम उनसे भी कुछ नहीं सीख सकते। यदि एक बार हम अपना दृष्टिकोण बदलकर देखें तो हमको इस सृष्टि में वो अच्छाइयां नजर आएंगी जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की है। उन्होंने कहा की चिंताए त्यागकर प्रभु का चिंतन करो। सभी में परमात्मा के दर्शन करते हुए व्यवहार करो। कर्म, भक्ति, व ज्ञान का जीवन में समन्वय स्थापित करो। असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर तथा मृत्यु से अमृतत्व की ओर आगे बढ़ें। धर्म के उत्थान, अधर्म के विनाश के लिए यथासामर्थ, यथासंभव योगदान अवश्य दें।



# हनुमान प्रसाद पोद्दार : आधुनिक भारत के सांस्कृतिक इतिहास के महाप्रणेता

हनुमान प्रसाद पोद्दार का जन्म 17 सितंबर 1892 को हुआ था। आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हनुमान प्रसाद पोद्दार एक बहुत बड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। कई तरह के अत्याचार के बावजूद वह अंग्रेजों के सामने कभी नहीं झुके। महज 13 वर्ष की आयु में हनुमान प्रसाद पोद्दार का बाल मन, कलकत्ता में अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचारों के खिलाफ विद्रोह कर उठा। 19 जुलाई 1905 में लार्ड कर्जन द्वारा बंग भंग की घोषणा के बाद जब मां भारती के सपूतों ने विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार करने का निर्णय लिया तो इस आंदोलन के साथ हनुमान प्रसाद पोद्दार भी जुड़ गए। उन्होंने विदेशी वस्तुओं और विदेशी कपड़ों के बहिष्कार के लिए संघर्ष छेड़ने के साथ खादी और स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना शुरू कर दिया। 16 जुलाई 1914 को उन्हें तीन साथियों सहित राष्ट्रद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। आरोप लगा कि इन लोगों ने ब्रिटिश सरकार के हथियारों के जखीरे को लूटकर उसे छिपाने में मदद की थी।

इस समय उनके खास शुभचिंतकों ने भी अंग्रेजों के भय से साथ छोड़ दिया था लेकिन उन्होंने हार माने बिना अपनी लड़ाई जारी रखी। कलकत्ता में वह स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारियों अरविंद घोष, देशबंधु चितरंजन दास, पं. झाबरमल शर्मा के संपर्क में आए और आजादी के आंदोलन में कूद पड़े थे। इसके बाद लोकमान्य बाल



गंगाधर तिलक और गोपाल कृष्ण गोखले जब कलकत्ता आए तो हनुमान प्रसाद पोद्दार उनके संपर्क में आए। महात्मा गांधी से भी उनकी मुलाकात हुई थी। बाद में वह जमनालाल बजाज की प्रेरणा से मुंबई चले आए। यहां वह वीर सावरकर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, महादेव देसाई और कृष्णदास जाजू जैसी विभूतियों के संपर्क में आए। इतना ही नहीं, पंडित मदन मोहन मालवीय जब बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए धन संग्रह करने के लिए कलकत्ता आए तो हनुमान प्रसाद पोद्दार ने कई लोगों से मिलकर इस कार्य के लिए दान राशि दिलवाई।

मुंबई में रहते हुए उन्होंने अग्रवाल नवयुवकों को संगठित कर मारवाड़ी खादी प्रचार मंडल की स्थापना भी की थी। हिंदू धर्म ग्रंथों में होने वाली अशुद्धियों को दूर करने और लोगों को कम दाम पर पुस्तक उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने अपने मौसेरे भाई जयदयाल गोयन्दका की मदद से गीता प्रेस की स्थापना की। गीता प्रेस शब्द जेहन में आते ही एक तस्वीर उभर कर सामने आती है और मानस को भारतीयता से भर देती है। भारतवर्ष की महान प्राचीन गौरवशाली परंपरा और आधार ग्रंथों के बारे में पूरी दुनिया को आज अगर कोई भी जानकारी मिल सकती है तो यह इस महान संस्थान की ही देन है। रामचरित मानस और श्रीमद्भागवत गीता जैसे ग्रंथ जनमानस को उपलब्ध कराने में गीता प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका है।

22 मार्च 1971 को हनुमान प्रसाद पोद्दार का निधन हो गया। 15 मई 2020 को गृह मंत्री अमित शाह ने हनुमान प्रसाद पोद्दार का स्मरण कर श्रद्धांजलि दी और कहा था, ''हनुमान प्रसाद पोद्दार आधुनिक भारत के सांस्कृतिक इतिहास के महाप्रणेता हैं। वह भारत की स्वाधीनता संग्राम के योद्धा तो थे ही, उससे भी बड़े वह भारतीय संस्कृति के संवाहक बन कर लड़ रहे थे। जब देश में स्वाधीनता संग्राम चल रहा था, तब भारतीय सनातन संस्कृति को आधार बना कर भाई जी हनुमान प्रसाद पोद्दार ने प्रकाशन एवं पत्रकारिता की नींव रखी थी।''

## ओशो वाणी

# साधना में मौन और लीला भाव का विकास

यदि तुम सचमुच मौन हो गए हो तो तुम्हें इसकी फिक्र न रहेगी कि दूसरे क्या कहते हैं। और यदि दूसरों की राय अभी तुम्हारे लिए महत्वपूर्ण है तो तुम मौन नहीं हुए हो। सच तो यह है कि तुम इंतजार में हो कि वे कुछ कहें, कि वे प्रशंसा करें कि तुम मौन हो गए हो। क्या तुम्हारे मौन को उनके समर्थन की जरूरत है? तुम्हें उनके प्रमाणपत्र की जरूरत है? तब तुम आश्वस्त नहीं हो कि तुम मौन हो गए हो।

दूसरों के मत अर्थपूर्ण हैं, क्योंकि तुम खुद कुछ नहीं जानते हो। मत कभी ज्ञान नहीं है। तुम दूसरों के मत इकट्ठे किए जाते हो, क्योंकि तुम्हें पता नहीं है कि तुम क्या हो, तुम कौन हो, तुम्हें क्या हो रहा है। तुम्हें दूसरों से पूछना पड़ता है कि मुझे क्या हो रहा है। तुम्हें दूसरों से पूछना पड़ेगा? अगर तुम सच में मौन और शांत हो गए हो तो न कोई मित्र हैं और न कोई मत अर्थपूर्ण है। तब तुम हंस सकते हो। उन्हें कहने दो जो वे कहना चाहें। लेकिन नहीं, तुम प्रभावित होते हो। वे जो कुछ कहते हैं वह तुममें गहरे उतर जाता है, तुम उससे उत्तेजित हो जाते हो। तुम्हारा मौन झूठा है, आरोपित है, अभ्यास जन्य है। वह सहज रूप से तुममें नहीं खिला है। तुमने जबरदस्ती अपने को मौन कर लिया है, लेकिन भीतर अभी उबल



रहे हो। यह मौन सतह पर ही है। अगर कोई कहता है कि तुम मौन नहीं हो, अगर कोई कहता है कि यह अच्छा नहीं है, या अगर कोई कहता है कि यह झूठा है, तो तुम अशांत हो जाते हो और तुम्हारा मौन खो जाता है। मौन खो गया है। इसीलिए तुम मुझसे यह पूछ रहे हो। और वे जो कहते हैं उसमें कुछ सार भी मालूम देता है।

तुम गंभीर हो गए हो। पर गंभीर होने में गलत क्या है? अगर तुम गंभीर ही पैदा हुए हो, गंभीर होने को ही पैदा हुए हो, तो तुम गंभीर होओगे। तुम जबरदस्ती खेलपूर्ण नहीं हो सकते, अन्यथा तुम्हारा खेल पूर्ण होना ही गंभीर हो जाएगा और तुम उसको भी नष्ट कर दोगे। कई खिलाड़ी भी बड़े गंभीर होते है। वह अपने खेलों में इतने गंभीर हो जाते है कि खेल और ज्यादा चिंता और उपद्रव के कारण बन जाते हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक-गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा द्वारा 306, दिघे नगर को आप हाउसिंग सोसायटी, फितवाला रोड, एलफिन्स्टन (वेस्ट), मुंबई-40013 से प्रकाशित एवं एस आर पब्लिकेशन, मोहन अर्जुन कम्पाउंड, गाला नम्बर-8, 9, 10, घर्टनपाढा, वैशाली नगर लास्ट बस स्टॉप, नियर भारत गैस गोडाउन, दहिसर (ईस्ट), मुंबई- 400068 से मुद्रित। संपादक - गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा* RNI NO. MAHHIN/2005/16460 मो. 09320566633. (सभी विवादों का निपटारा न्यायक्षेत्र केवल मुंबई न्यायालय के अधीन होगा. *पी. आर. बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# कारपेन्टर/कोन्ट्राक्टर भाइयों के लिये टोकन / कटर मशीन / ड्रील मशीन ऑफर

EURO® 7000
SYNTHETIC WOOD ADHESIVE

अब
800 Gm
पाउच में उपलब्ध





ड्रम पैक साइज
800 Gm X 70 Pouches

| ड्रम पैक | ऑफर |
|---|---|
| यूरो एडहेसिव WP 2IN1 के एक ड्रम पर पाइये स्पेशल ऑफर 800 Gm X 70 Nos | 15 Rs. टोकन / पाउच<br>अथवा<br>कटर मशीन<br>अथवा<br>ड्रील मशीन |

**15 Rs/-**
**टोकन / पाउच**

अथवा




अथवा




JYOTI RESINS & ADHESIVES LIMITED
www.euro7000.com

# हंसराज विश्वकर्मा विधान परिषद सदस्य मनोनीत

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा को विधान परिषद सदस्य मनोनीत किया गया है। पिछड़ों की राजनीति में माहिर 54 वर्षीय हंसराज विश्वकर्मा को एमएलसी बनाकर एक तीर से कई निशाने साधे गए हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं को सकारात्मक संदेश दिया गया। यह बताया गया कि संगठन में ईमानदारी से काम करने का इनाम जरूर मिलता है। इस ताजपोशी के जरिये पिछड़ों को भी रिझाया गया है। 54 वर्षीय हंसराज को पिछड़ों का नेता माना जाता है। वह पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के करीबी भी रहे हैं।



भाजपा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहे हंसराज विश्वकर्मा पिछले 34 वर्षों से राजनीति कर रहे हैं। 1989 में बूथ की जिम्मेदारी निभाई। राम मंदिर आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के साथ काम किया। जब कल्याण सिंह ने भाजपा से बगावत की तो हंसराज ने करीबी होने का फर्ज भी निभाया। वह कल्याण के साथ गए और उनकी पार्टी के टिकट पर कैंट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े, लेकिन हार का सामना करना पड़ा। इस बीच कल्याण भाजपा में आ गए तो हंसराज ने अपनी पुरानी पार्टी का झंडा थाम लिया और संगठन में सक्रियता से काम करने लगे। 2019 के लोकसभा और 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को वाराणसी में बड़ी सफलता मिली थी। टिकट वितरण के दौरान बगावत की बात आई तो हंसराज ने संगठनात्मक सूझबूझ का परिचय दिया और स्थिति को सामान्य बनाने में अहम भूमिका निभाई। हंसराज विश्वकर्मा 12 मार्च को लखनऊ पहुंचकर विधान परिषद के उप सचिव ओ.पी. सिंह से विधान परिषद सदस्य का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति देकर आभार जताया।

# तापड़िया टूल्स प्रदान कर रहा मायको ज्वेलरी प्लायर्स

**मुंबई।** तापड़िया टूल्स ISO 9001-2015 प्रमाणित कंपनी है, जो हैंड टूल्स सेगमेंट में मार्केट लीडर है। इसका प्राथमिक ध्यान हमेशा उच्च गुणवत्ता वाले अद्वितीय और विशेष हाथ उपकरण प्रदान करने पर रहा है। हाल के वर्षों में भारतीय ज्वेलरी बाजार के विकास को देखते हुए, तापड़िया टूल्स को अपनी मायको ज्वेलरी प्लायर्स रेंज की रिलीज की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। मायको ज्वेलरी प्लायर्स विशेष स्टील से बनाई गई है, जिससे यह अधिक टिकाऊ और मजबूत भी है। यह प्लायर्स जंग प्रतिबंधित और दीर्घकाल तक चलती है। ये विशेष रूप से आभूषण डिजाइनरों और श्रमिकों के लिए डिजाइन किए गए हैं। आवश्यकता अनुसार विभिन्न प्रकार के आभूषण बनाने के लिए लगने वाले प्लायर्स जैसे की फ्लैट नोज, राऊंड नोज और लॉंग नोज उपकरण उपलब्ध है। यह सच है कि तापड़िया मायको



ज्वेलरी प्लायर्स अच्छी, वैल्यू फॉर मनी खरीदारी है जो ज्वेलरी वर्कर्स के साथ अन्य कामगारों के लिए भी उपयोगी है।

## तापड़िया ने खरीदा देश का सबसे महंगा अपार्टमेंट

**मुंबई।** फैमी केयर के संस्थापक जेपी तापड़िया के परिवार ने देश का सबसे महंगा अपार्टमेंट खरीदा है। दक्षिण मुंबई के मालाबार हिल्स स्थित लग्जरी ट्रिपलेक्स अपार्टमेंट के लिए तापड़िया ने रियल एस्टेट डेवलपर लोढ़ा ग्रुप को 369 करोड़ रुपए चुकाए। ये अपार्टमेंट लोढ़ा मालाबार टावर में है, जहां से अरब सागर और हैंगिंग गार्डन दिखता है। ये अपार्टमेंट 26 वें, 27वें और 28वें फ्लोर पर है।

# राजकुमार विश्वकर्मा यूपी के नए पुलिस महानिदेशक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डीजीपी डी एस चौहान के सेवानिवृत्त होने के बाद कार्यवाहक डीजीपी की जिम्मेदारी आईपीएस राजकुमार विश्वकर्मा को दी गई है। 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी राजकुमार विश्वकर्मा जौनपुर जिले के मड़ियाहूं स्थित मोहल्ला खैरूद्दीनगंज के रहने वाले हैं। वे सपा सरकार में आईजी कानून व्यवस्था के पद की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं।







कैनेडियन वुड की ओर से लुधियाना में क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स विद कैनेडियन वुड विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में कैनेडियन वुड के सहायक निदेशक तकनीकी सेवा डॉ. जिमी थॉमस,आर्किटेक्ट संजय गोयल,आर्किटेक्ट विमल दीप सिंह, रामबीर यादव आदि ने विचार रखे। सेमिनार में कैनेडियन वुड की पांच प्रजाति लकड़ी डगलस, वेस्टर्न हेमलॉक, वेस्टर्न रेड सीडर, येलो सीडर और स्प्रूस-पाइन-फर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।








**सिल्वन प्लाईवुड**

सिल्वन प्लाईवुड के ब्रांच मेनेजर राजेंद्र खंडेलवाल ने रंग बरसे समारोह में कहा कि भारत की सर्वश्रेष्ठ प्लाईवुड कंपनियों की श्रेणी में सिल्वन प्लाईवुड का नाम शुमार किया जाता है। सन 2009 में स्थापित सिल्वन प्लाईवुड (इंडिया) लिमिटेड अपनी गुणवत्ता के बलबूते नई बुलंदियों को छूने की ओर अग्रसर है। कारपेंटरों व ग्राहकों की उम्मीदों पर सिल्वन प्लाईवुड खरा उतरा है। सिल्वन प्लाईवुड को फर्नीचर के लिए उच्चतम गुणवत्ता वाला प्लाईवुड माना जाता है। यह कोर कंपोजर, अग्निरोधक और भरोसेमंद वाला प्लाईवुड है। देश के सभी राज्यों में सिल्वन प्लाईवुड मांग बढ़ी है लिहाजा कम्पनी के अधिकारी लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं।



श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी सुनील गिरी का स्वागत संस्था के अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण विश्वकर्मा ने किया।



भाजपा मुंबई उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी का स्वागत संस्था के कोषाध्यक्ष डा. आर. आर. विश्वकर्मा ने किया।






शिवसेना (उद्धव गुट) के समन्वयक समीर देसाई का स्वागत योगेश विश्वकर्मा ने किया।



पत्रकार प्रमोद श्यामाचरण पांडेय का स्वागत कृष्णा महाराणा ने किया।

# भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का लोकार्पण

**कैथल।** श्री कपिल तीर्थ के तट पर भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. धर्मपाल शर्मा रहे, जिसमें सभी धर्मों के लोग शामिल रहे। भगवान विश्वकर्मा की यह प्रतिमा 21 फीट ऊंची है। प्रदेश में अपनी तरह का यह पहली प्रतिमा है जिसे जिला फतेहाबाद के कस्बा टोहाना के विख्यात प्रतिमा कार सुनील धीमान द्वारा तराशा गया है।

कार्यक्रम में बोलते हुए भाजपा के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष धर्मपाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने महाभारत कालीन तीर्थों के जीर्णोद्धार के लिए विशेष कार्य योजना को हरी झंडी दी है। उन्होंने कहा कि इसी धरा पर भगवान कपिल ने मां देवहूति को सांख्य दर्शन का ज्ञान दिया था। भगवान कपिल के अलावा देश की बड़ी धरोहर राजा शालिवाहन द्वारा निर्मित शिवमंदिर भी यहां मौजूद है पर न तो तीर्थ और न ही पौराणिक धरोहर के प्रतीक मंदिरों की कोई संभाल हुई। सभ्यता और संस्कृति को फिर से सुदृढ़ करते हुए कलायत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की जो आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई वह अतुल्य है। उन्होंने सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने के लिए विश्वकर्मा समाज द्वारा चलाए गए अभियान में 1.01 लाख रुपये के साथ-साथ समरसता भोज में भी अलग से आर्थिक योगदान दिया। इस उपलक्ष्य में सरोवर दीप दान कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। इसमें महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों और युवाओं ने सरोवर तट के किनारे दीप रोशन किए। इस अवसर पर श्री कपिल मुनि तीर्थ कमेटी अध्यक्ष राजू कौशिक, संजय सिंगला, नगर पार्षद आरएस धानियां, पवन शास्त्री, श्याम लाल धीमान, कार्यक्रम संयोजक प्रीत धीमान, सलिंद्र प्रताप राणा, रमेश धीमान जींद, अंकित जैलदार, जगदीश चंद्र, राम सिंह, मनोज कुमार व प्रवीण कुमार उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान में टूल किट वितरित

**वाराणसी।** लोहार, बढ़ई, राजमिस्त्री, नाई और हलवाई को विश्वकर्मा श्रम सम्मान में टूल किट और प्रमाणपत्र दिया गया। महमूरगंज स्थित लॉन में आयोजित समारोह में प्रशिक्षण लेने वालों को कैंट के विधायक सौरभ श्रीवास्तव के हाथों प्रमाण पत्र दिया गया। जिला उद्योग केंद्र और उत्तर प्रदेश डिजाइन एवं शोध संस्थान के कार्यक्रम में श्रीवास्तव ने सभी को मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया के माध्यम से स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वाराणसी के शिल्पकार न केवल अनोखा सामान बनाते हैं बल्कि विश्व स्तरीय बाजार में अपनी अनूठी पहचान के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, जगदीश त्रिपाठी, नवीन कपूर ने भी विचार रखे।


OZONE FOR A SAFER WORLD | किचन और फर्नीचर फिटिंग्स

ओज़ोन बेड लिफ्ट-अप सिस्टम के साथ,

**आसान लाइफ की करो शुरुआत।**



सदियों से हर भारतीय घर की एक ही प्रथा रही है – जो चीज़ कम काम में आये, वह बेड बॉक्स में जाए! जो आइटम ज़्यादा जगह लेते हैं वह भी बेड के अंदर जाते हैं। इस लिए जगह की कमी और जरूरत के अनुसार लोग आजकल अपना ज़्यादा से ज़्यादा सामान बेड बॉक्स में स्टोर करके रखते हैं। पर पुरानी डिज़ाइन के बेड बॉक्स को खोलना और बंद करना काफी मुश्किल होता है। और यह किसी एक के बस की बात नही।

लेकिन अब बेड के बॉक्स में सामान रखने के लिए भारी-भरकम बेड को उठाने की जरूरत नहीं है। ओज़ोन बेड लिफ्ट-अप सिस्टम के साथ अब कोई भी आसानी से बेड को उठा सकता है और बंद भी कर सकता है।



स्मूथ, ज़्यादा लोड सहने की क्षमता और आसानी से खुलने व बंद होने के कारण ओज़ोन बेड लिफ्ट-अप सिस्टम ने ग्राहकों को एक मज़बूत और आधुनिक सॉल्यूशन दिया है।

**आख़िर क्यों ख़ास है ओज़ोन बेड लिफ्ट-अप सिस्टम?**

सामान्य बेड लिफ्ट-अप सिस्टम ज़्यादा समय तक नहीं चलते हैं इसीलिए उन पर भरोसा नहीं किया जा सिकता है। कुछ समय बाद हाइड्रोलिक्स हार्ड हो जाते हैं। बेड बोक्स से सामान निकालना और रखना मुश्किल काम लगने लग जाता है। दूसरी तरफ, ओज़ोन बेड लिफ्ट-अप सिस्टम को कई मानकों पर परखा जाता है। तब जाकर बनता है टिकाऊ और भरोसेमंद बेड लिफ्ट-अप सिस्टम।

**इतना ही नहीं ओज़ोन बेड लिफ्ट-अप सिस्टम में मिलती है :-**

- स्मूद ओपनिंग एंड क्लोज़िंग
- नवीनतम तकनीक व ड्यूरेबल डिज़ाइन
- अधिक स्टोरेज स्पेस
- 200 किलो तक लोड क्षमता
- 33 डिग्री के वाइड ओपनिंग एंगल

**ओज़ोन फिटिंग्स अन्य ब्रांड्स से बेहतर क्यों है?**

ओज़ोन भारत में हार्डवेयर फिटिंग एण्ड सॉल्यूशन का नामी मैन्युफैक्चरर है। ओज़ोन अपनी हाई-क्वालिटी और इनोवेशन के लिए जाना जाता है। कस्टमर्स की जरूरतों के हिसाब से आधुनिक डिज़ाइन उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है।

फर्नीचर, डिजिटल लॉक्स, ग्लास फिटिंग्स, दरवाज़े, रेलिंग्स, किचन फिटिंग्स-ओज़ोन के सारे प्रोडक्ट्स इनोवेशन की नई परिभाषा गढ़ते हैं।

अब पुराने ज़माने के बेड्स को छोड़िए और अपनाइए ओज़ोन बेड लिफ्ट-अप सिस्टम युक्त बेड्स। ओज़ोन के इस इनोवेशन से अब कोई भी, कभी भी बिना अधिक ताक़त लगाये बेड्स को खोल और बंद कर सकता है, लाईफ को और आसान बना सकता है।

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

www.ozone-india.com 09310012300

# डबल रोल में दिखेंगे प्रभास

प्रभास स्टारर इंडियन एक्शन फिल्म सालार की शूटिंग इटली में चल रही है। खबरों की मानें तो इस फिल्म में पैन इंडिया स्टार प्रभास डबल रोल निभाते नजर आएंगे। प्रशांत नील द्वारा लिखित और निर्देशित और विजय किरागंदुर की होम्बले फिल्म्स कंपनी द्वारा निर्मित इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को प्रीहिस्टोरिक व्हाइटवॉश्ड केव्स के लिए प्रसिद्ध ओल्ड साउदर्न इटली शहर के मटेरा में मिड मार्च से फिल्माया जा रहा है। मटेरा में ही जेम्स बॉन्ड फिल्म नो टाइम टू डाई के लिए प्रोलॉग एक्शन सीक्वेंस शूट किया गया था।



सालार का प्रोडक्शन अब नेपल्स में हो रहा है, जहां साउदर्न पोर्ट सिटी के सेंट्रल पियाजा डेल प्लेबिस्किटो प्लाजा में शूटिंग की तैयारी चल रही है। वहां की लोकल पुलिस भी सेट तैयार करने में पूरी मदद कर रही है, जिसमें रात की शूटिंग के लिए ड्रोन और लाइटनिंग का इस्तेमाल हो रहा है। मटेरा और नेपल्स के अलावा सालार की शूटिंग रोम और बुडापेस्ट में भी की जाएगी।

सलार अलग अलग देशों के दो युवाओं के बारे में है जो दूरी और कल्चरल डिफरेंस के बावजूद प्यार में पड़ जाते हैं और कई चुनौतियों से पार पाते हैं। इस थ्रिलर की पहली किस्त 23 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेलुगु में रिलीज होने वाली है और कन्नड़, तमिल, मलयालम, हिंदी और अंग्रेजी में डब की गई है। होम्बले फिल्म्स सालार को बहुत बड़े पैमाने पर बनाया गया है और इसका बजट लगभग 400+ करोड़ रुपये का है। जबकि केजीएफ की गतिशील टीम और तकनीशियन भी सलार का हिस्सा हैं, इस तरह से अब हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि सलार का युग शुरू हो गया है। यह फिल्म इस साल 28 सितंबर 2023 को रिलीज होने के लिए तैयार है।

# टीवी पर वापसी कर रहीं रिया चक्रवर्ती

अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती एक बार फिर टेलीविजन पर लौटी हैं। वह लोकप्रिय रियलिटी शो एमटीवी रोडीज सीजन 19 में एक गैंग लीडर के रूप में नजर आएंगी। अपने एक्स बॉयफ्रेंड और दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु के बाद यह उनका पहला टीवी प्रोजेक्ट है। सुशांत रिया की मृत्यु के बाद सुर्खियों से दूर रहीं। रिया ने इंस्टाग्राम पर रियलिटी शो से जुड़ा एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में रिया चक्रवर्ती कह रही हैं कि आपको क्या लगा कि मैं वापस नहीं आउंगी? डर जाउंगी। डरने की बारी किसी और की है, मिलते हैं ऑडिशन पर। रोडीज के नए सीजन में गैंग लीडर के रूप में रिया प्रिंस नरूला और गौतम गुलाटी के साथ शामिल होंगी। सोनू सूद कथित तौर पर शो के मेजबान के रूप में वापसी करेंगे। एमटीवी रोडीज सीजन 19 का हिस्सा बनने के बारे में बात करते हुए रिया चक्रवर्ती ने एक बयान में कहा कि मैं एमटीवी रोडीज सीजन 19 का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। एमटीवी के साथ काम करना घर वापसी जैसा लगता है। मैं सोनू सूद और अपने साथी गैंग लीडर्स के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि मुझे इस रोमांचक यात्रा के दौरान अपने दृढ़ और निडर पक्ष का प्रदर्शन करने का मौका मिला है। मुझे इस अविश्वसनीय नए साहसिक कार्य के लिए प्रशंसकों से प्यार और समर्थन मिलने की



उम्मीद है। रिया चक्रवर्ती ने अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन से की थी, जब उन्होंने एमटीवी इंडिया की टीवीएस स्कूटी टीन दिवा में हिस्सा लिया और पहली रनर-अप बनीं। बाद में वह 60 सेकंड में पेप्सी एमटीवी वासुप, टिकटैक कॉलेज बीट और एमटीवी गॉन जैसे एमटीवी शो के लिए होस्ट बन गईं। 2012 में उन्होंने तेलुगु फिल्म तुनेगा तुनीगा से अभिनय की शुरुआत की और बाद में मेरे डैड की मारुति के साथ बॉलीवुड में कदम रखा।



# एक्शन फिल्म में नजर आएंगी प्रियंका

प्रियंका चोपड़ा एक और एक्शन फिल्म में नजर आने वाली हैं। अमेजन स्टूडियो के साथ जॉन सीना और इदरिस एल्बा स्टारर आगामी एक्शन फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट में प्रियंका चोपड़ा एक्शन पैक्ड रोल में नजर आने वाली हैं। हालांकि फिल्म की कहानी अभी तक सामने नहीं आई है। हेड्स ऑफ स्टेट इल्या नैशुलर द्वारा निर्देशित, एयर फोर्स वन मीट मिडनाइट रन होगा। प्राइम वीडियो पर 28 अप्रैल को सिटी डेल की स्ट्रीमिंग शुरू होने के कुछ ही दिनों बाद फिल्म मई में शुरू होगी। प्रियंका के पास 70 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और हॉलीवुड फिल्में हैं और उनके रिज्यूमे पर 2 सीरीज है, आज भी हॉलीवुड में दक्षिण एशियाई प्रतिभाओं की सबसे अधिक मांग है। प्रियंका ने कई बाधाओं को तोड़ने और हॉलीवुड में अपने लिए जगह बनाने के लिए बहुत मेहनत की है। सिटाडेल के बाद प्रियंका आगामी फिल्म लव अगेन में दिखाई देंगी, जो 12 मई को रिलीज होगी। प्रियंका का प्रोडक्शन हाउस पर्पल पेबल पिक्चर्स, जो अमेजन स्टूडियो के साथ एक फर्स्ट-लुक फिल्म और टीवी डील के तहत ऑस्यूम नथिंगः ए स्टोरी ऑफ पर आधारित एक सीमित सीरीज विकसित कर रहा है।

# वॉर 2 में ऋतिक रोशन के साथ होंगे जूनियर एनटीआर

यशराज फिल्म्स का स्पाई यूनिवर्स का लेवल अब और ज्यादा बढ़ने वाला है क्योंकि इसमें अब साउथ एक्टर की एंट्री भी हो गई है। पठान और टाइगर 3 के बाद स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म होगी वॉर 2, जिसमें एक बार फिर ऋतिक रोशन कबीर के किरदार में नजर आएंगे। वहीं इस बार वॉर 2 में एक नया एडिशन भी हुआ है और वो है आरआरआर एक्टर जूनियर एनटीआर। ऐसा पहली बार होगा जब ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्क्रीन पर एक साथ नजर आएंगे। मेकर्स ने अपने स्पाई यूनिवर्स में साउथ एक्टर को लेने का फैसला इसलिए किया है ताकि फिल्म कि पैन इंडिया अपील





बढ़ जाए। जूनियर एनटीआर वॉर 2 में ऋतिक के साथ मुकाबला करते हुए नजर आएंगे। जो की एक एपिक एक्शन एडवेंचर होने जा रहा है। वॉर 2 अब एक टू-ब्लू पैन इंडिया फिल्म है जिसमें हिंदी बेल्ट और साउथ सिनेमा के दो बड़े सुपरस्टार नजर आने वाले हैं। आदित्य चोपड़ा का यह कदम फिल्म को पैन इंडिया अपील दिलवाना है ताकि फिल्म की बॉक्स ऑफिस संभावना बढ़ जाए। वॉर 2 में एनटीआर का रोल क्या रहेगा, इसकी डीटेल अभी सीक्रेट रखी गई है। वॉर 2 बेहद दिलचस्प होने वाली है। इस बार फिल्म को सिद्धार्थ आनंद की जगह ब्रह्मास्त्र के डायरेक्टर अयान मुखर्जी डायरेक्ट करेंगे।

# खूबसूरत अंदाज में मोनालिसा

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड एंड ब्यूटीफुल फोटो शेयर करती रहती हैं। अब टैंक



टॉप और स्कर्ट पहने मोनालिसा ने गर्लिश लुक वाली फोटो शेयर की हैं, जिन्हें देखकर एक्ट्रेस की उम्र का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।

मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। कभी साड़ी, कभी सूट, कभी शॉर्ट्स और कभी स्कर्ट में मोनालिसा अपना फिगर फ्लॉन्ट करती रहती हैं। अब ब्लैक स्कर्ट में मोनालिसा ने अपनी बेहद ग्लैमरस फोटो शेयर की हैं। तस्वीरों को देखकर मोनालिसा की उम्र का अंदाजा लगा पाना मुश्किल हो रहा है। भले ही मोनालिसा 40 साल की हों, लेकिन लेटेस्ट फोटो में उनका लुक स्वीट 16 वाली कॉलेज गर्ल का लग रहा है। मोनालिसा का ये खूबसूरत अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है।

मोनालिसा ने लाइनिंग वाला टैंक टॉप पहना हुआ है। नूडल स्ट्रेप वाले इस टॉप में एक्ट्रेस गजब की खूबसूरत लग रही हैं। मोनालिसा ने इसे नी लेंथ ब्लैक स्कर्ट के साथ इसे टीमअप किया है। खुले बाल और हेयर बैंड लगाकर एक्ट्रेस ने अपनी उम्र को 20 साल कम कर दिया है। मोनालिसा इन फोटोज में एकदम रिफ्रेशिंग लुक में दिख रही हैं। कभी स्माइल करते हुए तो कभी विक्ट्री पोज देते हुए मोनालिसा ने तस्वीर शेयर की हैं। नो मेकअप लुक के साथ एक्ट्रेस ने कई शानदार पोज दिए हैं।

# शहनाज ने दिखाई दिलकश अदाएं

बिग बॉस सीजन 13 फेम शहनाज गिल आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वह अपने ग्लैमरस लुक की वजह से सोशल मीडिया पर काफी छाई रहती हैं। एक बार फिर शहनाज गिल में अपनी बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स की तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

इन तस्वीरों में शहनाज गिल रेड कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है और इसके साथ रेड कलर का ब्लेजर कैरी किया हुआ हैं। शहनाज गिल ने न्यूड मेकअप और अपने बालों को कर्ल्स में स्टाइल किया था। जिसमें वह काफी सुंदर लग रही हैं। शहनाज गिल पिंकविला के एक इवेंट में शामिल हुई थीं। जिसमे उन्होंने ये लुक कैरी किया था। वर्कफ्रंट की बात करें तो शहनाज गिल इस साल सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। इसके अलावा शहनाज गिल ने



यूट्यूब पर अपना एक चैट शो देसी वाइब्स विद शहनाज गिल शुरू किया है, जिसमें वो अलग-अलग सेलेब्स से बात करती हैं।


OZONE®
FOR A SAFER WORLD
किचन और
फर्निचर फिटिंग्स
खोलने में ना लगे ज़ोर
क्वालिटी बेजोड़
ओज़ोन बेड लिफ्ट-अप सिस्टम
अधिक जानकारी के लिए
क्यूआर कोड स्कैन करें
स्मूद ओपनिंग
एंड क्लोज़िंग
नवीनतम तकनीक व
ड्यूरेबल डिज़ाइन
अधिक
स्टोरेज स्पेस
KG
200 किलो तक
लोड क्षमता
33 डिग्री के वाइड
ओपनिंग एंगल
अधिक जानकारी
के लिए सम्पर्क करें
09310012300